


# ग्रहण के साये में बीता दिन, आज फिजाओं में घुलेगा रंग-गुलाल

## ग्रहण का 'सूतक' समाप्त, आज मचेगी धुलेंडी की धूम

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,03मार्च।** शहर की गलियों में ग्रहण का सूतक समाप्त होते ही होली वाला मिजाज देखने को मिल रहा है। शाम होते ही बाजार में रौनक देखने को मिली। दुकानदारों ने जहां अपनी दुकान खोलनी शुरू की वैसे ही होली की खरीदारी करने के लिए शहर के लोग भी सड़कों पर देखने को मिले। बाजार में होली वाला उत्साह नजर आने लगा मोहल्ले में 'होली है' के जयकारे गूंजने लगें। वही सुबह से शहर के मंदिरों में तो पट बंद थे लेकिन कई मंदिरों में भजन कीर्तन होते रहे। बाड़े से लेकर उपनगर ग्वालियर और मुरार तक, हर तरफ हुरियारों की टोली नजर आने लगी हैं। ग्रहण के कारण एक दिन के इंतजार ने लोगों के उत्साह को दोगुना कर दिया है।

**शाम होते ही खुली दुकानें, आज के लिए भारी उत्साह:** मंगलवार को बाजारों में सन्नाटा जरूर रहा, लेकिन यह उत्सव से पहले की तैयारी थी। ग्रहण की समाप्ति के साथ ही मंगलवार देर शाम से बाजारों में रौनक लौट आई। मिठाई और नमकीन की दुकानों पर भीड़ देखने को मिली,व्यापारियों को गुजिया और नमकीन की रिकॉर्ड बिक्री की उम्मीद। इसीलिए सबसे ज्यादा बाजार में नमकीन और गुजिया नजर आ रही है।

**रंग गुलाल और पिचकारी की दुकानों पर बच्चों का उत्साह:** बाजार में सबसे ज्यादा रंग गुलाल और पिचकारी की दुकानों पर भीड़ नजर आ रही हैं। बच्चों में फैंसी पिचकारियों का जबरदस्त क्रेज देखने को मिला। व्यापारियों ने आज (बुधवार) के लिए गुलाल, पिचकारी और मिठाइयों का बड़ा स्टॉक तैयार रखा है।

### वर्ष 2026 की होली बनी परंपरा और खगोलीय घटना की साक्षी

2 मार्च की रात 'बुराई पर अच्छाई की जीत' के प्रतीक होलिका दहन के बाद, मंगलवार 3 मार्च को समूचे ग्वालियर ने 'आस्था के अनुशासन' का परिचय दिया। वरिष्ठ ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, ग्रहण की यह स्थिति आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण थी। यही कारण रहा कि समाज ने कल 'रंगों के शोर' के स्थान पर 'आस्था के मौन' को प्राथमिकता दी। चंद्र ग्रहण के सूतक काल के चलते कल रंगों का उत्सव थमा रहा था जो अब आज यानी 4 मार्च को पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा।





### संयम का पहरा, साधना का समय

आज सुबह से ही जिले भर के देवालयों के पट सूतक काल के कारण बंद रहे। ग्वालियर के प्रमुख धार्मिक स्थलों— अचलेश्वर महादेव, कोटेश्वर, खेड़ापति हनुमान मंदिर, मनसा पूर्ण हनुमान मंदिर, गोपाल मंदिर, साईं बाबा मंदिर, गरगज के हनुमान, त्यागी बाबा मंदिर, श्री राजराजेश्वरी काली मंदिर, द्वारकाधीश मंदिर और सूर्य मंदिर सहित शहर भर में श्रद्धालुओं ने इस समय को उत्सव के बजाय साधना और मंत्र जाप में व्यतीत किया।

# होली पर केमिकल वाले रंगों से बचाएं अपनी त्वचा

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,03मार्च।** होली के उल्लास के बीच मिलावटी और केमिकल युक्त रंगों से त्वचा को होने वाले नुकसान के प्रति डॉ. सिद्धांत दुबे ने शहरवासियों को सचेत किया है। उन्होंने बताया कि बाजार में मिलने वाले पक्के रंग खुजली, जलन, एलर्जी और फंगल इन्फेक्शन का कारण बन सकते हैं। सुरक्षित होली के लिए उन्होंने सावधानियां बरतने की सलाह दी है:

**सुरक्षा के 'कवच' अपनाएं:** रंग खेलने से पहले चेहरे, गर्दन और हाथ-पैर पर नारियल या सरसों का तेल जरूर लगाएं। यह त्वचा पर एक परत बना देता है जिससे रंग गहराई तक नहीं जमता। धूप और रंगों के दोहरे वार से बचने के लिए बाहर निकलने से 20 मिनट पहले सनस्क्रीन लगाएं। रूखी त्वचा



वाले लोग मॉइस्चराइजर का उपयोग करें। त्वचा को रंगों के सीधे संपर्क से बचाने के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े और फुल पैंट पहनें।

**क्या न करें:** होली से 48 घंटे पहले शेविंग, वैक्सिंग या फेशियल न कराएं, क्योंकि इससे त्वचा संवेदनशील हो जाती है और इन्फेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। पक्का रंग छुड़ाने के लिए त्वचा को रगड़ें नहीं। इसके बजाय माइल्ड क्लींजर और गुनगुने पानी का उपयोग करें। डॉ. दुबे ने बालों की सुरक्षा के लिए अच्छी तरह ऑयलिंग करने और केवल हर्बल या ऑर्गेनिक रंगों का ही उपयोग करने की सलाह दी है, जो विशेष रूप से बच्चों के लिए सुरक्षित हैं।

# भाईदूज पर जेल में भाईयों की बहनों से होगी मुलाकात

## प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक ही होगी मुलाकात

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 3 मार्च।** होली की भाईदूज के अवसर पर प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी केन्द्रीय जेल में बंदियों की 5 मार्च को उनकी बहनों से तिलक लगाकर मुलाकात कराई जाएगी। मुलाकात प्रात: 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक ही होगी। जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल ने बताया कि बहनों की बंदियों से मुलाकात 5 मार्च को भाईदूज के अवसर पर प्रात: 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक बहनों के नाम लिखे जायेंगे, जिन बहनों के नाम अंकित किए जायेंगे, उन्हें ही दोपहर 3 बजे तक मुलाकात कराई जायेगी। इसके पश्चात किसी भी बहन की मुलाकात संभव नहीं होगी। सभी बहनों को मुलाकात के लिये अपने साथ अपनी आईडी (पहचान पत्र) लाना अनिवार्य होगा। मुलाकात करने आने वाली बहनों से निवेदन किया गया है कि जेल की सुरक्षा एवं जेल नियमों को दृष्टिगत रखते हुए अपने साथ कोई भी प्रतिबंधात्मक सामग्री मोबाइल आदि न लेकर आएं। बहनों को पूजा की सम्पूर्ण सामग्री जेल कैन्टीन से भाईदूज के अवसर पर विशेष किट के रूप में जिसमें मिठाई, कुमकुम, अक्षत



आदि उपलब्ध कराई जायेगी। जिसके निर्धारित मूल्य का भुगतान बहनों को करना होगा। जेल अधीक्षक ने सभी बहनों से आग्रह किया है कि भाईदूज के अवसर पर जेल प्रशासन द्वारा आयोजित मुलाकात में सहयोग प्रदान करें। मुलाकात सीसीटीव्ही कैमरे की निगरानी में रहेगी। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति निर्मित होने पर जेल नियमों के तहत कार्रवाई की जायेगी।

### होली पर आज 4 मार्च को शहर में दोपहर 12 बजे से होगा जलप्रदाय

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 03मार्च।** प्रतिवर्ष होली के पर्व पर नगर निगम सीमान्तर्गत क्षेत्रों में अतिरिक्त जलप्रदाय किया जाता है। पूर्व की भांति इस वर्ष भी होली पर कल 4 मार्च को ग्वालियर शहर के सीमान्तर्गत सभी क्षेत्रों में दोपहर 12 बजे से अतिरिक्त जलप्रदाय किया जाएगा। कार्यपालन यंत्री संजीव गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार 4 मार्च को दोपहर 12 बजे से जलप्रदाय किया जाएगा ताकि होली पर महानगर ग्वालियर के नागरिकों को जल हेतु कोई असुविधा न हो।

# माधव संगीत महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन आयोजित

## सांगीतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 03मार्च।** स्थानीय शासकीय माधव संगीत महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात विद्यार्थियों ने सुमधुर 'सरस्वती वंदना' की प्रस्तुति दी। महाविद्यालय की डॉ. वीणा जोशी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें वर्षभर की शैक्षणिक व सांस्कृतिक उपलब्धियों का ब्यौरा दिया गया। इस अवसर पर संगीत जगत के वरिष्ठ वायलिन गुरु डॉ. गोविन्द धारकर का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य



अतिथि के रूप में गजानन दुशे एवं राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रोफेसर स्मिता सहस्त्रबुद्धे उपस्थित रहीं। समारोह में शास्त्रीय गायन और वादन की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ हुईं। अनीषा खत्री ने 'राग बिहाग' की सुंदर प्रस्तुति दी, जिसमें डॉ. प्रणव पराड़कर ने तबले पर संगत की। पिंकी रॉय ने 'राग बिहाग' के स्वरों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। छात्र माधवन गोले ने ताल रूपक में पेशकार, कायदा, टुकड़े और फरमाइशी परण बजाकर अपनी लयकारी का परिचय दिया। कार्यक्रम का समापन समूह कथक नृत्य के साथ हुआ, जिसकी ऊर्जा और पदचाप की सभी ने सराहना की।

**नन्हे कलाकारों ने दिखाया 'रियाज़' का जादू:** कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रवेशिका (प्रथम वर्ष) के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सामूहिक सितार वृंद रहा। मात्र 5 महीने से संगीत सीख रहे इन विद्यार्थियों ने केवल 25 दिनों की कड़ी मेहनत से 'राग यमन' और 'देशभक्ति धुन' तैयार की। उनकी इस प्रस्तुति ने दर्शकों को तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया। **सितार वृंद में शामिल कलाकार:** वैभव बिदुआ, मोनिका भारती, सोनम यादव, सृष्टि श्रीधर, शिवानी शर्मा, शबनम, शिवांगी परिहार, कुमकुम तिवारी, आकांक्षा जगताप एवं अच्छरा सिंग। इनके साथ तबले पर महाविद्यालय के छात्र यश कुशवाहा ने संगत की।

# युवाओं को खेल के लिए प्रेरित करें : राजौरिया

## परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ने खिलाड़ियों का किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,03मार्च।** शहर की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एके मार्शल आर्ट अकेडमी द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि मप्र परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पं. विष्णु राजौरिया थे। अध्यक्षता संभागीय प्रभारी डॉ. दिलीप समाधिया ने की। विशिष्ट अतिथि मुरार तहसील प्रभारी गोविंद शर्मा एवं कोच अनामी कुशवाह थे। अकादमी के 6 राष्ट्रीय खिलाड़ी और प्रशिक्षक को सम्मानित किया गया। विष्णु राजौरिया ने कहा, खिलाड़ियों की निरंतर मेहनत और अनुशासन को सराहने के लिए यह आयोजन



किया गया। उनका मानना है कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को खेल के प्रति और अधिक प्रेरित करते हैं। डॉ. दिलीप समाधिया ने कहा कि यहां खिलाड़ियों को कराटे, वुशू और लाठी चलाना सिखाई जाती है। अतिथियों ने ब्लैक बेल्ट दीक्षा कुशवाह एवं ब्रांच मेडल अजय सिंह, संजय सिंह, युवराज यादव, आदित्य को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए। अकादमी के कोच को भी विशेष सम्मान से नवाजा गया।

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप का कार्निवल क्रिकेट मैच आयोजित

## खिलाड़ियों के साथ पारिवारिक दर्शकों ने लिया आनंद

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,03मार्च ।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप ग्वालियर के तत्वावधान में एक दिवसीय कार्निवल क्रिकेट मैच का आयोजन जीवाजी क्लब टर्फ में किया गया। इस कार्निवल किक्रेट मैच मे आठ टीमों ने बढ़चढकर भाग लिया। परिवारिक क्रिकेट मैच में महिलाएं और बच्चों ने भी बीच बीच में क्रिकेट के साथ गेम्स का लूप उठाया। अतिथियों ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मान किया। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि इस कार्निवल क्रिकेट मैच में रोचक मुकाबले में आठ टीमों ने बारी-बारी खेलकर दो टीमें फाइनल में पहुंची। यह मैच सात सात ओवर का किया गया। आखिरी फाइनल मैच सोशल बुल्स ओर सोशल चैलेंजर टीम में हुआ। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शुरू से खेलकर रंग बनाने के साथ जमकर चौके और छक्के लगाने में कसर नहीं छोड़ी। सोशल बुल्स टीम ने सोशल चैलेंजर को हराकर जीत दर्ज की। क्रिकेट किट में सजे खिलाड़ियों के साथ दर्शकों ने आनंद लिया।



### विजेता टीम सोशल बुल्स टीम को अतिथियों ने ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के कार्निवल मैच के मुख्यअतिथि के रूप में जैन सोशल ग्रुप के संरक्षक विकास गंगवाल निर्मल पाटनी ओर अनिल शाह के साथ मेंटोर मुकेश पहाड़िया, संस्थाध्यक्ष अंकित पाटनी, संस्था के अध्यक्ष विपिन जैन सचिव हितेंद्र जैन ओर कोषाध्यक्ष सुधीर जैन ने सामूहिक रूप से विजेता टीम सोशल बिल्स के कप्तान अश्विनी जैन सहित टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। आभार हितेंद्र जैन ने माना।

# एयरपोर्ट लुक में नजर आएगा ग्वालियर का स्टेशन, बैग की होगी हाईटेक चेकिंग

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,03मार्च।** रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य से इसका नया स्वरूप अब दिखाई देने लगा है। यह एयरपोर्ट की तर्ज पर आधुनिक और सुरक्षित रूप में नजर आएगा। स्टेशन का पुनर्विकास कार्य अंतिम चरण में है और इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह हाईटेक बनाने की तैयारी की जा रही है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद ग्वालियर स्टेशन में प्लेटफॉर्म तक पहुंचने से पहले प्रत्येक यात्री और उसके सामान की सघन जांच अनिवार्य होगी। रेलवे सुरक्षा बल के स्थानीय अधिकारियों द्वारा तैयार योजना के तहत स्टेशन परिसर में 19 डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर और लगेज स्कैनर मशीनें लगाई जाएंगी। ये उपकरण कॉन्कोर्स के प्रवेश और निकास द्वार, वीआईपी एंट्री गेट तथा पार्सल ऑफिस पर स्थापित किए जाएंगे। यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर जाने से पहले इन मशीनों से होकर गुजरना होगा, जिससे किसी भी संदिग्ध वस्तु की तुरंत पहचान की जा सके।

**CHANGE OF NAME**

I, Padhma Biswal Mother of No. 15161915K BHM (Gnr) Swapan Kumar Bisal presently residing at village- Inlochan pur, Post- Sugena, The-Kharagpur Dist- Paschim Medinipur State- West bengal Pin-721139 That I have Changed My name from PADHMA BISWAL to PADMA RANI BISAL due to wrongly entered in my son's service documents. That my date of birth is 01 July 1949 That I am producing this affidavit for the purpose of evidence for my name. That both name PADHMA BISWAL & PADMA RANI BISAL pertain to one and the same person. That I shall at all times hereafter in all records deeds and writing and in all proceeding dealing with transactions private as well as under all occasions what so ever be known as only PADMA RANI BISAL.

### विद्युत समाधान योजना की अवधि 31 मार्च तक बढ़ाई गई

**ग्वालियर।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी दी है कि मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के द्वितीय व अंतिम चरण को 31 मार्च तक बढ़ा दिया गया है। पूर्व में यह योजना 28 फरवरी तक लागू थी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 3 नवम्बर को समाधान योजना 2025-26 की शुरुआत हुई थी। समाधान योजना में तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ताओं को एकमुश्त राशि जमा करने पर 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट का लाभ दिया जा रहा है। श्री तोमर ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि यदि वे तीन माह से अधिक के बकाएदार हैं और योजना में अभी तक शामिल नहीं हो पाए वे अब 31 मार्च तक योजना में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं।

# श्री अग्रवाल शक्ति का होली मिलन समारोह आज

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 03मार्च।** श्री 'अग्रवाल शक्ति' ग्वालियर का रंगारंग होली मिलन समारोह 4 मार्च को जीवायएमसी मैदान लश्कर में आयोजित किया जाएगा। मुख्य आयोजक आनंद अग्रवाल रंगवाला ने बताया गया कि बुधवार 4 मार्च सुबह 8:30 से 11:30 बजे तक रंगारंग गुलाल की होली के साथ ठंडाई स्वल्पाहार रहेगा, साथ ही मथुरा से भगवान मदन मोहन का विग्रह लाया जाएगा। भक्तगण उनके साथ रंगारंग होली खेलेंगे। शाम 5 बजे से श्री मां जीण माता भवानी का मंगल पाठ, भजन संध्या एवं इत्र फूलों की होली खेली जाएगी। प्रसिद्ध भजन



गायक नीरज अग्रवाल कलकत्ता द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। इसी क्रम में मथुरा से श्रीश्री 1008 श्री प्राण वल्लभ लाल महाराज होली खेलने विशेष रूप से हम सब के बीच उपस्थित रहेंगे। इस दौरान 100 रुपए के कूपन से शाम को 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक दाल बाटी चूरमा की प्रसादी रहेगी। आनंद अग्रवाल ने बताया कि आयोजन को लेकर समाज बंधुओं में भारी उत्साह है, कार्यक्रम को भव्यता देने के लिए मथुरा वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा लठमार शानदार होली खेली जाएगी। आनंद अग्रवाल ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को एक जुट करके समाज को एक नई दिशा दी जा सके! समाज का कोई व्यक्ति छोटा या बड़ा नहीं होता ,यह आयोजन समाज में परस्पर सम्पर्क बढ़ाने और पुराने गिले शिकवे भूलकर मिलने जुलने का एक अवसर होता है। जिससे समाज में समरसता का भाव जागृत हो सके। कार्यक्रम के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया जा चुका है जिन्हें कार्य की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। मीडिया संयोजक अशोक गर्ग और मुख्य आयोजक आनंद अग्रवाल रंगवाला ने दी।

# हास्य कवि मूर्ख सम्मेलन आज

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,03मार्च।** शहर की सामाजिक संस्था ग्वालियर विकास समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हास्य कवि मूर्ख सम्मेलन 4 मार्च (होली की पड़वा) पर शाम 5 बजे महाराज बाड़े पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक प्रेम बरोनिया ने जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष दूर-दराज से आने वाले कवियों में हरीश हंगामा चित्तौड़गढ़ (राजस्थान), डॉ शंकर सहर्ष (नरसिंहपुर), सुनीता पटेल (भोपाल), दिनेश भारती (इंदौर) अमित चितवन (ग्वालियर) व विवेक रेंचो मूर्ख सम्मेलन में मौजूद सभी लोगों को खूब हसाएंगे। इस दौरान एक महामूर्ख सम्मान भी दिया जाएगा।




# नन्हे-मुन्नों ने गुलाल उड़ाकर मनाया खुशियों का त्योहार

## रेडोलेंट प्ले किड्स स्कूल में छाई होली की रंगत

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,03मार्च।** जीवाजी नगर स्थित रेडोलेंट प्ले किड्स स्कूल में होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। स्कूल परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर भाईचारे और प्रेम का संदेश दिया।

होली पर स्कूल प्रबंधन द्वारा विशेष तैयारियां की गई थीं। पूरे स्कूल परिसर को होली की थीम पर आधारित रंग-बिरंगे और आकर्षक



कटआउट्स से सजाया गया था, जो बच्चों के आकर्षण का केंद्र रहे। फूलों और रंगों की इस सजावट ने वातावरण को पूरी तरह उत्सवमयी बना दिया।समारोह के दौरान स्कूल परिसर में होली के लोकप्रिय गानों की गूँज सुनाई दी। संगीत की ताल पर बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी जमकर नृत्य किया। नन्हे-मुन्नों की मासूमियत और उनके उत्साह ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को सुरक्षित और प्राकृतिक रंगों से होली खेलने के लिए प्रेरित किया।

# महाराज बाड़े की मल्टीलेवल पार्किंग शुरू नहीं हो सकी, दुकानों में पानी

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर,03मार्च।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के आदेश के बाद भी महाराज बाड़े की मल्टीलेवल पार्किंग शुरू नहीं हो सकी है। महाराज बाड़े पर आने वाले सैलानियों के लिए मुश्किल का सामना पढ़ रहा है. महाराज बाड़े की ऐतिहासिक इमारतों और बाड़े पर खरीदारी करने के लिए हजारों लोग महाराज बाड़े आते हैं. केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने स्मार्ट सिटी और संबंधित अधिकारियों को मार्च 2026 तक का समय दिया था लेकिन हाल-फिलहाल पार्किंग शुरू होना तो दूर मल्टीलेवल पार्किंग के बेसमेंट से पानी निकलकर सड़क पर पिछले कुछ दिनों से आ रहा है। स्मार्ट सिटी के अफसरों की अनदेखी से सड़क पर पानी का कोई समाधान नहीं हो पा रहा है जिससे महाराज बाड़े आने वाले ग्राहकों और व्यापार कर रहे दुकानदारों की दुकानों में पानी जा रहा है।

**आम सूचना**

मेरे पक्षकार श्री रामजीलाल साहू एवं मेरी पत्नी श्रीमती सुनीता साहू के द्वारा यह आम सूचना कि मेरा पुत्र निशांत साहू की पत्नी सुरभि साहू द्वारा मेरे परिवार को बार-बार यह धमकी देती है कि वह मेरे पूरे परिवार को दहेज एक्ट में झूठा फंसा दूंगी और बार-बार अपने मायके चली जाती है। बार-बार मरने की धमकी और अपनी पुत्री को मारने की धमकी देती है ।हमारी नातिनी 6 वर्षीय चेष्टा साहू मायके में ले गयी है ।यह कह के गयी है कि मैं मेरी पत्नी पुत्र सभी परिवार को झूठे केस में फंसा दूंगी। अतः समस्त आम जन को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र निशांत साहू और उसकी पत्नी सुरभि साहू से मेरे परिवार से कोई लेना देना नहीं है या भविष्य में कोई भी सुरभि साहू द्वारा गलत शिकायत की जाती है। हमारे परिवार की जिम्मेदारी नहीं होगी ।

द्वारा अभिभाषक
ए.के. पाण्डेय
कार्यालय जे-270, दर्पण कॉलोनी
थाटीपुर, ग्वालियर
उच्च न्यायालय,ग्वालियर म.प्र.
मोबा- 7974457267

